# जन सुनवाई का कार्यवाही विवरण

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित **चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– PSB02, प्रस्तावित क्षेत्र– 4.8122 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–0.125 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, तहसील– नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है, चूना पत्थर खनन** की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई जिला कलेक्टर, नागौर के प्रतिनिधि श्री चम्पालाल जीनगर, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, नागौर की अध्यक्षता में एवं श्री राजकुमार मीणा, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर की उपस्थिति में **राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, हरीमा, तहसील– नागौर, जिला नागौर में दिनांक 05/02/2026 को दोपहर 12:00 बजे** आयोजित की गई।

जन सुनवाई में उपस्थित व्यक्तियो का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट "अ"** पर संलग्न है। जनसुनवाई बाबत विज्ञप्ति समाचार पत्र **"दैनिक भास्कर" एवं "राजस्थान पत्रिका" में दिनांक "01/01/2026"** को प्रकाशित करवाई गई थी, जिनकी प्रतियाँ **परिशिष्ट "ब"** पर सलंग्न है।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर ने सभी आगुन्तकों का स्वागत करते हुए अवगत करवाया कि उक्त जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, नागौर द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें जिला कलेक्टर महोदय की तरफ से अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, नागौर को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उक्त जन सुनवाई की सूचना दो समाचार पत्रों में 30 दिवस पूर्व दी जा चुकी है। क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी खनन परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार द्वारा दी जायेगी। सभी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात उपस्थित आमजन खनन परियोजना के सम्बन्ध में आपत्ति या सुझाव दर्ज करवा सकते है। उक्त जनसुनवाई की विडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। जनसुनवाई विडियोग्राफी एवं दिये गये आक्षेप/सुझाव क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) को प्रेषित कर दिये जायेंगे। इसके पश्चात अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय की अनुमति से प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण हेतु **मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड** के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **मैसर्स रीजिंग ग्रीनलॉजिक प्राईवेट लिमिटेड** को आंमत्रित किया गया।

परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **मैसर्स रीजिंग ग्रीनलॉजिक प्राईवेट लिमिटेड** के प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसके अन्तर्गत बताया गया कि उक्त खनन परियोजना **निकट गांव– हरीमा, तहसील– नागौर, जिला– नागौर (राज.)** में खनिज– **चूना–पत्थर खनन** हेतु प्रस्तावित है, जिसका **ब्लॉक नंबर– PSB02, प्रस्तावित क्षेत्र– 4.8122 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–0.125 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, तहसील– नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है, चूना पत्थर खनन** परियोजना है। तत्पश्चात पर्यावरणीय सलाहकार ने खान की अवधि, खान का परिचय, खनन योजना, परियोजना का विवरण मय नक्शा, खनिज भण्डार, खनन प्रक्रिया, जलवायु, जल बहाव, ढांचा और खनन गतिविधियों के द्वारा जैव विविधता, मिट्टी, पर्यावरणीय, वायु और ध्वनि पर्यावरण पर प्रभाव एवं उनके शमीकरण/रोकथाम के उपायों के बारें में बताया तथा साथ ही पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी कार्यक्रम एवं प्रस्तावित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के बारे में बताया।

खननं इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा खनन परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के पश्चात क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया।

**सर्वप्रथम जितेन्द्र, ग्राम हरीमा** ने कहा कि मेरा प्रश्न कम्पनी के लिए ना होकर एडीएम महोदय के लिए है कि आप इस क्षेत्र में तीन–चार जन सुनवाई मीटिंग अंबुजा, जे.एस.डब्ल्यू. एवं श्री सीमेंट के लिए अटेंड कर चुके है, सबके लिए हम गांव वाले स्वीकृति देते है, परन्तु आप खुद देखें तो हमें कम्पनियों से कुछ भी फायदा नहीं हुआ, ना ही सीएसआर में और ना ही किसी अन्य गतिविधि में, ना ही रोजगार के सम्बन्ध में, ऐसा कोई भी काम नहीं है, जो पूरा हुआ हो। आप सभी कम्पनियों के लिए यहां आ चुके है, तो आप स्वयं देखे कि हमारा काम कहां हो रहा है? थोड़ा सा मानवता की ओर देखते हुए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

**एडीएम महोदय** ने कहा कि जितेन्द्र जी ने बहुत अच्छा प्रश्न किया है। गांव के प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक से जो अपेक्षा की जाती है, उसी अनुरूप आपने प्रश्न किया है। जब तक हम लोग प्रश्न नहीं करेंगे, जब तक अपने मन की पीड़ा व्यक्त नहीं करेंगे, तब तक युवा एवं जागरूक होने का अर्थ नहीं रहता। आपका बहुत धन्यवाद, कि आपने अच्छी बात रखी। पिछली एक साल में जितनी भी जनसुनवाई हुई है, उनकी स्वीकृति अभी तक नहीं मिली है। जितनी भी कम्पनियां है, यह जब काम शुरू करते है, उससे पहले एवं जब तक काम चलता रहता है तब तक यह काम करते है, यह मेरा अब तक का अनुभव हैं। चुंकि इस एरिया में मुझे भी लगभग दो साल होने को आये है, जब भी कोई उचित मंच मिलता है, तो मैं यहीं कहता हूं कि बहुत सारी गतिविधियां होती है, चाहे वह माईनिंग हो, चाहे प्लांट हो आदि। तो वहां पर स्थानीय लोगों को जरूर योग्यता के अनुरूप काम मिले। अतः इस जनसुनवाई के माध्यम से भी मैं कम्पनी से यही अनुरोध करूंगा कि जब–जब आपको इस एरिया में योग्यता के अनुरूप लोग मिले, उन्हें आप काम देवें। बहुत सारी कम्पनियां आ रही है, या तो आप सब मिल कर या फिर हर कम्पनी आई.टी. आई, या पॉलिटेक्निक के डिप्लोमा आप चालू करवा सकते है, जिससे योग्यता में और निखार आये तथा स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। यह मैं कम्पनी से अनुरोध करता हूं एवं मैं स्वयं भी इसके लिए प्रयासरत हूं।

**जितेन्द्र, ग्राम हरीमा** ने कहा कि जब जॉब की बात करें तो हर घर सक्षम नहीं है कि वह अपने बच्चों को पढ़ा सके। कुछ तो पढ़े–लिखें नहीं भी होंगे। कुछ ऐसे भी जो आईटीआई, इंजिनियरिंग, आईआईटी किये हुवे नहीं है।

**एडीएम महोदय** ने कहा कि यहां आईआईटी की बात नहीं है, आईटीआई की बात है। कम्पनी प्रतिनिधि बताये कि आपके नागौर में ट्रैंनिंग का इंस्टीट्यूड है, उसमें क्या--क्या ट्रैनिंग करवाते है, क्या ऑन पैमेंट करवाते है, क्या निशुल्क करवाते है एवं क्या सुविधा देते है तथा वहां पर युवा लोगों को कैसे फायदा मिल सकता है।

**श्री प्रशांत रंगा, सीएसआर, अंबुजा** ने कहा कि माली समाज भवन, नागौर में एक स्कील डवलपमेंट सेंटर संचालित है, जिसमें करीब 5 हजार युवाओं को रोजगार के साथ जोड़ने में मदद की है। हमारे यहां कुल 7 तरीके की ट्रैनिंग चलती है, इलेक्ट्रीशियन, होटल मैनेजमेंट, बैंकिंग फाईनेंस, टेली, ब्यूटी पार्लर, रिटेल एवं सिक्योरिटी गार्ड की ट्रैनिंग चलती है। हमारे अमूमन कोर्स में एक हजार रूपये

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

फीस रहता है, लेकिन अगर कोई युवा हरीमा, सरासनी या फिर भी प्लांट के पास के गांवों से आता है तो उसे कोई फीस देने की जरूरत नहीं पड़ती, वह पूरा कोर्स फ्री होता है।

**जितेन्द्र, ग्राम हरीमा** ने कहा कि आपकी बात सही है एवं इसके बारें में मुझे जानकारी है परन्तु हमारा जो यह ईलाका है, वह गांव का ईलाका है। शहर के अन्दर 80 प्रतिशत लोग पढ़े–लिखे होते है, 20 प्रतिशत नहीं होते है, लेकिन गांव में 80: वह होंगे, जो पढ़े–लिखे नहीं है। मैं यह पूछना चाह रहा हूं कि जो पढ़े–लिखे नहीं है, जो मजदूरी कर सकते हैं, उनके लिए आपके कंपनी के अंदर जॉब क्या हो सकती है। जो पढ़े लिखे हैं उनके लिए तो जॉब होगी, आप कोचिंग भी करवा रहे हैं, तैयारी भी करवा रहे हैं, किसी को सिक्योरिटी गार्ड की करवा रहे हैं, वह लग सकते हैं, लेकिन बेचारा जो पढ़ नहीं सका, उसके लिए क्या करें?

**एडीएम महोदय** ने कहां कि हमने आपके बिंदु सुन लिए हैं यह मेरे लिए भी एक नई और अनोखी बात है कुछ कोर्स ऐसे भी डिजाइन किए जाएं।

**श्री जितेंद्र, ग्राम हरीमा** ने कहा कि आप इनसे कहें कि हस्ताक्षर न करवाए। जिसके प्रति उत्तर में **एडीएम महोदय** ने कहा कि हस्ताक्षर करवाने का उनकी ड्यूटी है इन्हें इनका काम करने दे। हमें ऐसे कोई कोर्स डिजाइन करने चाहिए जो अशिक्षित व्यक्ति भी कर सके, ऐसी प्लानिंग कंपनी को करनी चाहिए। इस पर कंपनी प्रतिनिधि अपनी बात रखें।

**श्री प्रशांत रंगा, सीएसआर, अंबुजा सीमेंट** ने कहा कि इसके संबंध में मैं आपको यह बताना चाहूंगा कि ट्रेनिंग सेंटर में आठवीं पास के लिए भी बहुत कोर्स जैसे ब्यूटी पार्लर, दसवीं पास के लिए सिक्योरिटी गार्ड, इलेक्ट्रीशियन है तथा अब हम एक सर्वे करके न्यू डिजाइन कोर्स के ऊपर कार्य करेंगे।

**श्री जितेंद्र, ग्राम हरीमा** ने कहा कि जिस प्रकार आप नागौर के अंदर कोचिंग चला रहे हैं, तो मेरी रिक्वेस्ट है कि यहां हर गांव में जैसे हरीमा, सरासनी, जिन गांवों में नहीं पता है, वहां एक ऐसा कैंप लगाए, जिससे सबको पता चले कि आप यह सब करवा रहे हैं। लोगों को मोटिवेट करें, अगर आप मोटिवेट नहीं करेंगे कि यह सब काम आप कर रहे हैं, तो हमें कैसे पता चलेगा। कंपनी आती हैं, जनसुनवाई करवाते हैं, स्वीकृत हो रही है अथवा नहीं हो रही है, लेकिन आपकी

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

मीटिंग हो रही है, सब कुछ हो रहा है लेकिन हम लोग को पता ही नहीं है इन चीजों के बारे में आप जानकारी दें।

**श्री प्रशांत रंगा, सीएसआर, अंबुजा सीमेंट** ने कहा कि हम जरूर इस प्रकार का अवेयरनेस कैंप जल्द ही लगाएंगे।

**क्षेत्रीय अधिकारी** द्वारा उपस्थित ग्रामीणों से लिखित अथवा मौखिक अपने सुझाव अथवा शिकायत प्रस्तुत करने हेतु निवेदन किया।

**श्री नरेन्द्र सिंह, ग्राम खेतोलाव** ने कहा कि ग्राम खेतोलाव में अंबुजा सीमेंट का ब्लॉक आया हुआ है। कुछ मांगें गांव की तरफ से– माताजी मंदिर परिसर में सीसी ब्लॉक निर्माण, सार्वजनिक समाज भवन का निर्माण, आम गवाड़ से शमसान भूमि तक पक्की सड़क का निर्माण, शमसान भूमि की चारदिवारी का निर्माण, उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, गांव के तालाब का गहरीकरण, सफाई एवंज ल संरक्षण हेतु पक्का कार्य, गांव के विद्यालय में मरम्मत कार्य, स्वच्छता व्यवस्था तथा बच्चों की मूलभूत सुविधाओं का विकास, सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, ग्राम पंचायत गगवाना तक पक्की सड़क का निर्माण एवं गांव के लागो को रोजगार के साधन उपलब्ध करवाना।

**एडीएम महोदय** ने कहां कि ग्राम खेतोलाव से काफी लोगों ने कुछ मांगे रखी है, हालांकि इन्होंने पढ़ कर बता दिया। एक समाज भवन का निर्माण चाहते है, शमसान तक पक्की सड़क चाहते है, शमसान भूमि एवं उसके विकास का काम चाहते है। बहुत सारें काम आपके सीएसआर के अन्दर आयेंगे। जब भी अवसर मिले इसे सीएसआर के अन्तर्गत प्लांन बनाये।

**श्री पप्पू नाथ योगी ग्राम हरीमा** ने कहा कि पिछले 20 वर्षो से पशु–पक्षियों के लिए पेड़–पौधे लगाने जैसे मेरे कार्य हैं एवं पत्रकारिता भी करता हूं। आज पर्यावरण स्वीकृति हेतु जो बैठक हो रही है, इसमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री चंपालाल जी जीनगर, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण मंडल, अंबुजा कंपनी के पदाधिकारी एवं साथ ही बड़ी संख्या में रेवेन्यू बोर्ड के अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी तथा बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीण भी यहां उपस्थित है, जो इस पर्यावरण स्वीकृति को लेकर बैठक हरीमा ग्राम में चल रही है, दो–तीन बैठकें पहले भी हुई थी, जिसके बारे में एडीएम महोदय ने बताया कि उनकी स्वीकृत अभी तक नहीं मिली है, वह सफल मीटिंग नहीं हुई है। लेकिन मुझे लगता है कि कई मीटिंग्स

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर ( राज. )

सफल भी हुई होगी, जैसे पास ही एक प्लांट है, जिसका काम भी चालू हो चुका है निर्माण कार्य, उसकी तो स्वीकृत हो चुकी होगी। हमारे ग्रामीण जो मांग पत्र लेकर आए हैं, इस मांग पत्र में मैं भी सहमत हूं, इन गांव की तरफ से एवं आगे भी हमारे गांव की जो मांगे हैं, उन पर विचार करें। हम ग्रामीण क्षेत्र के लोग हैं, हम पढ़े लिखे भी हैं, कागज चलाना भी जानते हैं। परन्तु हम यही चाहते हैं कि हमारा, कंपनी का एवं अधिकारियों का मेल–मिलाप बना रहे एवं हमारा काम होता रहे। कंपनी काम भी करती है, जैसे अंबुजा सीमेंट का फाउंडेशन है, वह कई इलाकों में, गांवों में काम करता है, तो मुझे लगता है कि आपको यहां भी काम करना चाहिए, जैसा कि आपने दो दिन पहले यहां काम चालू किया है, इसको थोड़ा पहले कर देते तो हमारे गांव में एवं हमें संतुष्टि होती। आप जैसे ही मीटिंग हो, उससे ठीक पहले करते हो, तो हमें लगता है कि आप हमें बहकावे में ले रहे हैं। आपका काम है, आप पेड़ पौधे भी लगते हैं काफी जगह आपके पेड़ पूरी सक्सेस भी हो रहे हैं आपको कार्य करना चाहिए लेकिन ग्रामीणों की जो मुख्य मांगे हैं जैसे हॉस्पिटल की स्कूल की उन पर आपको विचार करना चाहिए। साथ ही साथ कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि थोड़ा हमसे जुड़ाव रखें, हमारी बातों पर थोड़ा गौर करें। हम आपको याद करेंगे आप अभी अधिकारी हैं तो आपका यह कर्तव्य भी बनता है आप हम लोगों का एवं कंपनी का तालमेल बैठाये रखें। इस गांव की जमीन जाएगी तो कम से कम इस गांव का तो विकास होना चाहिए, इसके साथ–साथ जो गांव की मांगे हैं जिसे पानी की समस्या है और भी ग्रामीण क्षेत्र की जो समस्याएं हैं उनके ऊपर थोड़ा ध्यान रखें एवं कंपनी से भी मैं कहूंगा कि आप काम करें एवं काम वो करें जो काम आए। कागजों में काम ना करके जिंदगी में काम आने वाला काम करें ऐसे कार्य आपको करनी चाहिए मुझे पूर्ण आशा नहीं अपितु विश्वास है, आप धरातल पर काम करोगे हम हमेशा आपके साथ रहेंगे एवं अन्य जो बातें हैं वह हमारें ग्रामीणों ने लिखित में दी।

**एडीएम महोदय** ने कम्पनी प्रतिनिधि से कहा कि आप पर्यावरण के लिए एवं ठोस कार्यों के लिए क्या करेंगे, उसके सम्बन्ध में जानकारी देवें।

**श्री भंवरलाल** ने कहा कि एक निवेदन है कि PSB02 चूना पत्थर ब्लॉक में हम गांव वालों को कैसे पता चलेगा किस जगह यह ब्लॉक है, इसलिए इनका खसरा नम्बर हमें बताये।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

**एडीएम महोदय** ने कहा कि यहां चारों तरफ ब्लॉक 01, 02, 06 एवं 07, सभी के खसरों की संख्या सूची लगाई गई है, फिर भी एक बार आपको पढ़ कर भी बताया जायेगा। कम्पनी प्रतिनिधि पेड़–पोधों के लिए, ठोस कामों के लिए एवं इस ब्लॉक के खसरें के बारे में जानकारी देवें।

**श्री प्रशांत रंगा, सीएसआर, अंबुजा** ने कहा कि पर्यावरण के सम्बन्ध में कम्पनी के दो बड़े एनिशिएटिव है, एक जल संरक्षण, जिसमें घरों में छत के पानी के लिए टांकों का निर्माण करते है, हरीमा व सरासनी में जरूरतमंद परिवारों के घर में पीने के पानी की व्यवस्था की है। दूसरा पेड–पौधें, इसमें हम जो पेड़ लगाते है तथा अभी कुछ सालों तक उन्हें पानी पिलाना एवं उन्हें विकसित करने की पूरी जिम्मेदारी रहेगी।

**पर्यावरणीय सलाहकार** ने कहा कि इस प्रस्तावित PSB02 ब्लॉक में कुल 12 खसरें आते है– 961/941, 1142/464, 464, 964/1, 456/911, 1004/455, 455, 1041/456, 467, 440, 456, 452।

**श्री अभयसिंह राठौड़, ग्राम हरीमा** ने कहा कि इस एरिया में 3–4 कम्पनियां आ चुकी हैं, इनके आने के बाद पर्यावरण के सम्बन्ध में, विकास कार्यों से सम्बन्धित एवं अन्य मुद्दों पर बातें तो खुब हो रही है। अंबुजा कम्पनी की दो साल पहले यहां पर्यावरण सम्बन्धित मीटिंग हुई, उसमें सभी लोगों ने गांव के सम्बन्ध में लिखित में दिया था तथा आपसे हस्ताक्षर करके भी लिया था, लेकिन आज तक विशेष तौर से तो विकास कार्य मे पहला काम कम्पनी सिवरेज लाईन का कर रही है, लेकिन इसके पहले आपने कितने पेड़ लगाये, कितने होद बनवाये, कितने चिकित्सा स्तर पर सुविधा देने की कोशिश की? कम्पनी का प्रतिशत निकालेंगे, तो यह जीरो के लगभग ही रहेगा। ऐसे ही जे.एस.डब्ल्यू. ने किया था, ऐसे कर रहे है, वैसे कर रहे है, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ है। प्रशासनिक अधिकारी महोदय से निवेदन है कि आप इसका रिकॉर्ड तो ले कि तीन–चार साल में यह गांव के प्रति क्या करेंगे। कुछ समय में कम्पनियां शुरू हो जायेगी, हम पर्यावरण को कैसे सुधार सकते है, आज कि पॉजिशन तो यही है कि कुछ भी विकास नहीं हुआ है, कोई पेड़–पौधा नहीं लगा है। पिछली जन सुनवाई में मैनें निवेदन किया था कि आज जितने भी पौधें लगाये 400, 500, किसी एक प्रतिनिधि को नियुक्त करें, जो पानी पिला सके, उन्हें सुविधा दे सके। मेडिकल के बारें में हमने कहा था कि हम जगह देने के लिए तैयार है, जगह आज भी हम देने के लिए तैयार है, लेकिन

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

इसका समाधान ना तो जे.एस.डब्ल्यू. कर रही है, और ना ही अंबुजा कर रही है, ना ही दूसरी कोई कम्पनियां कर रही है। पर्यावरण सिस्टम का मामला है, इस मामले की शुरूआत तो करो कुछ, बाद में एक साथ ही सब शुरू हो जायेगी तो फिर हमारे सांस लेने की कैसी स्थिति रह जायेगी। कम्पनियों के आने के बाद हमारे क्षेत्र के युवा सक्षम है, योग्य है, लेकिन इनको कुछ भी काम नही दिया जा रहा है, क्यों काम नहीं दिया जा रहा है? बाहर के आदमियों को तो लगा रहे हो, लेकिन यहां के किसी आदमी को नहीं लगाते, और अगर किसी को लगा लिया तो उसके लिए ऐसी स्थिति पैदा कर देते हो कि उसे छोड़ना पड़ जाता हैं। कुछ गलती हमारी भी है, हमारे जैसे बड़े ठेकेदार एक साथ नहीं रहते, यह भी एक साथ रह कर अपने गांव का विकास करें, उनमें इतना कॉम्पीटिशन पैदा कर देते है कि उनको घाटा लग जाता है, वो काम ही नहीं कर सकते। हमारा गांव वालों से, ठेकेदारों से, काम करने वालों से विशेष निवेदन है कि आप एक साथ रहो। साथ ही कम्पनी से भी निवेदन है कि हमारे एरिया के आदमियों को काम देवें। हम आपके साथ मिलने को तैयार है, काम करने को तैयार है, विकास के लिए तैयार है, लेकिन इनके सिस्टम में कोई नहीं है, हमें तो काटा जा रहा है। इस अंग्रेजो वाली नीति को दूर करें, हम लोग आपके साथ है। अंबुजा ने सिवरेज का काम अब शुरू किया है, जो अच्छी बात है, हमने 20 काम लिख कर दिये थे, जिसमें पहला काम शुरू हुआ है। जे.एस. डब्ल्यू. ने सबसे बड़ा काम किया है कि हमारे मंदिर की जमीन को गांववालों को जमीन लेकर दे दी। इसके अलावा ना तो युवा सम्बन्धित कार्य किया, ना ही मेडिकल सम्बन्धित कार्य किया, ना ही शिक्षा सम्बन्धित कार्य किया। हमें साथ लेकर चलों, हमारी नई पीढ़ी की समस्या के बारें में सोच कर चलें। हमारे खेतो के लिए कटाण के रास्ते है, उन रास्तों को रोका जा रहा है। उसमें प्रशासन से बार–बार निवेदन कर रहे है कि यह रास्तें रोक देंगे, यह बहती धारा है, इसमें यह बोल देंगे कि इस रास्तें से निकलने नहीं देंगे, तो क्यों नहीं निकलने देंगे? आगे हमारे खेत तो है, वहां कैसे जायेंगे। अगर उस रास्तें से नहीं निकलने देंगे तो कौनसा रास्ता बनायेंगे। यहां आप हमारी बात सुन रहे है, हमें खुशी भी है कि आपके पास हमारी बात पहुंच गई, लेकिन इस बात पर प्रेक्टिकली सिस्टम होना चाहिए, अगर किसी के हाथ बंधे है तो क्यों बंधें है? हम सब एक साथ सभी काम रोक सकते है, परन्तु हम रोकना नहीं चाहते। हम भी विकास चाहते है, हमारी युवा पीढ़ी आगे काम करें। हमारा भी विकास हो। आप बता रहे हो कि हमने होद बनाये, तो हमें बताये कि कितने होद बनाये है? तीन साल हो गये है, तीनों कम्पनियों को यहां आये हुवें। प्रैक्टिकली कितने पेड़–पौधें लगाये। प्रशासनीक अधिकारियों से विशेष निवेदन है

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

कि आप इनका रिकॉर्ड ले, हम आपके साथ है, कम्पनी के भी साथ है, हमारे विचार बिल्कुल भी नैगेटिव नहीं है। निवेदन है कि आप इस पूरी रिपोर्ट को लेकर हमें बताये, आगे क्या करना है, यह भी बताये। रास्ते का मामला विशेष है, यह टकराव की स्थिति पैदा हो रही है। हमें खेतों में नहीं जाने देंगे तो हम टकराव की स्थिति में आ जायेंगे, जो हम चाहते नहीं है। एक किसान को 8 हजार, एक किसान को 11 हजार, एक किसान को 50 लाख, एक को 27 लाख दे रहे हो। यह कौनसी नीति है, कुछ ना कुछ तो लिखित होना चाहिए कि एक को 11 दे दिये तो आगे भी इस हिसाब से दें। वो तो 11 में दिये उतने में बैचानी हो गयी, 25 एवं 1 करोड़ में बहुत फर्क होता है, किसान तो वहीं है, वहीं जमीन है, इन सब के लिए कुछ तो सिस्टम होना चाहिए। अपनी मनमर्जी से सबकुछ नहीं होने दे, आप हमारे प्रतिनिधि है, क्षेत्र के प्रतिनिधि है, हमें ऐसा आश्वासन दे कि हम उसमें संतुष्ट हो सके।

**एडीएम महोदय** ने कहा कि पिछली बार यहां अंबुजा की जो जन सुनवाई हुई थी, उसकी स्वीकृति अभी पैन्डिंग है, स्वीकृति होने के बाद जब काम चालू हो जायेगा, तब इनके काम में तेजी आयेगी, ऐसा मुझे अवगत करवाया गया। हर तीन महीने में उद्योग विभाग को मेम्बर सेक्रेटरी बना कर नागौर जिले की सभी कम्पनियों की रिपोर्ट लेते है, कि आप लोगों ने क्या–क्या काम किये है। सीएसआर में कितने पैसे खर्च किये एवं कितने ठोस काम करवाये है। इस पर हम लोग रिपोर्ट लेते है। जहां हमें लगता है कि इस कम्पनी ने इन तीन महीनों में काम नहीं किया है, हम उन्हें टोकते है। एक एसओपी जरूर बनायेंगे कि जो कम्पनी जहां फैक्ट्री लगाती है अथवा काम करती है, सीएसआर का ज्यादा उपयोग वहीं करें। इसी के साथ एक जे.एस.डब्ल्यू. को लेकर रास्तें का मामला जो सामने आया है, वह मामला मेरे ध्यान में आज ही आया है तो इस पर मैं जरूर कोई ना कोई समाधान करवाऊंगा।

**श्री रामकुमार सोलंकी, ग्राम हरीमा** ने कहा कि यह जो रास्ते का बता रहे है वह ज्यादा दूर ही नहीं है, अगर संभव हो तो अभी गाड़ी से चलकर देख लेते है। हमारी तरफ से केवल एक ही प्रतिनिधि चलेगा, साथ में कम्पनी के प्रतिनिधि एवं कलेक्टर साहब आप पधारें। मैं आपको अवगत करवाना चाहता हूं कि जब हम आपके पास कलेक्ट्रट ऑफिस आये थे तब आपने हम गांव वालों को विशेष बताया था कि आपको जन सुनवाई में जाना है, हम आपके कहने से ही जन सुनवाई में आये है। पिथासिया गांव में एक भी आदमी नहीं था। इसलिए आप वहां पहुंच कर देंखे इन किसानों का क्या हाल हो रखा है। जो माल 200 रूपये किराये में यहां

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

पहुंच सकता है, उसके लिए अब हजार रूपये देकर लाना पड़ता है। यहां से 1 किलोमीटर पर रास्ता बंद है, इसके लिए गाड़ी को वापस डेह जाकर यहां आना पड़ता है।

**एडीएम महोदय** ने श्री रामकुमार सोलंकी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मेरी बात सुन कर आप जन सुनवाई में पधारे। इसके लिए केवल मैं ही नहीं, ये पूरा गांव आपका एहसानमंद रहेगा। मैं आप सभी ग्रामीणों से एक बात निवेदन करना चाहूंगा कि जन सुनवाई बड़ा व्यापक शब्द है, जब भी कोई कम्पनी यह कहती है कि मुझे ईन्वेस्टमेंट करना है, डवलपमेंट करना है, तो पर्यावरण विभाग कहता है कि आप वहां पर जो नुकसान होगा उसकी भरपाई कैसे करोगे तथा वहां के लोगों को बताओं की आप क्या करोगे? तो आज आप सभी जो भी कह रहे है, इसका आने वाले तीन महीने, तीन साल या तेरह साल बाद भी रिकॉर्ड उठा कर देख सकते है। इस जन सुनवाई से बंधे सभी व्यक्ति को आप प्रश्न कर सकते है, वह भी साक्ष्य के साथ। जो मैं बोल रहा हूं इसकी भी रिकॉर्डिंग रहेगी, यह हमेशा रहेगी। इसलिए मैं हमेशा अनुरोध करता हूं कि जब भी जन सुनवाई हो अपनी कहों, आप कहोंगे तो आज, कल या परसों काम जरूर होगा। गांव के रास्तें की जो समस्या है उसका सोलंकी जी आपको साथ लेकर जरूर समाधान करेंगे।

**श्री रामकुंवार सोलंकी, ग्राम हरीमा** ने कहा कि नुकसान कैसे होता है, मैं बताता हूं, कम्पनी जो ब्लास्ट करती है, इनसे जितने भी पानी के होद है, सब टूट जाते है। मेरी ट्यूबवेल जो 180 फीट पर थी, वह भी पिचक गई थी एवं अभी 31 तारीख को जो ब्लास्ट किया गया, उससे 2 इंची पाईप भी पिचक गये। आपके प्रतिनिधि को मेरे साथ ले जाकर अभी दिखा सकता हूं। यह संभव है कि यहां कम्पनी लगने के बाद या तो हमें गांव छोड़ कर जाना पड़ेगा या मरना पड़ेगा। एडीएम महोदय आप एक बार गांव वाले होकर देखें। दोनों जगह 1–1 किलोमीटर पर है। आप नागौर जिले के माता–पिता है, आपके प्रतिनिधि के तौर पर किसी भी एक आदमी को भेज दीजिए, देख ले, विडियो बना कर ले आयेंगे। आप देखें क्या परिस्थिति है।

**एडीएम महोदय** ने श्री रामकुंवार सोलंकी से कहा कि मैं इन कैमरा वादा करता हूं कि मैं अथवा मेरा जिम्मेदार प्रतिनिधि आपके साथ जाकर यह दोनों जगह देखेंगे तथा कम्पनी प्रतिनिधि भी आज कल में ट्यबवेल का अवलोकन करेंगे।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

**श्री रामकुंवार सोलंकी, ग्राम हरीमा** ने कहा कि अगर आज ही देखें तो बहुत अच्छा रहेगा।

**एडीएम महोदय** ने कहा कि कैमरे के सामने कह रहा हूं।

**श्री अभयसिंह राठौड़, ग्राम हरीमा** ने कहा कि आज दो कार्यों को पर्यावरण स्वीकृति के रिकॉर्ड में लेवे। एक रास्तें का मामला एवं दूसरा जो यह ब्लास्टिंग हो रहा नुकसान का मामला। मकानों में भी सब में दरारें आ रही है, इसका क्या समाधान होगा।

**एडीएम महोदय** ने कहा कि आपकी दूसरी बात जो माईनिंग में सावधानी रखनी चाहिए, अगर सावधानी नहीं रखे तो क्या नुकसान होता है। यह मैं जरूर रिकॉर्ड में लूंगा। रास्तें का अलग मामला है, परन्तु वह भी मैं एक उचित स्तर पर लूंगा। यह पर्यावरण स्वीकृति की सुनवाई है तो हम इसके बारें मे बात करें एवं आपसे वादा करता हूं कि रास्तें का जल्द ही समाधान करवाऊंगा।

**श्री अभयसिंह राठौड़, ग्राम हरीमा** ने कहा कि एक और निवेदन है कि पर्यावरण स्वीकृति के नाम पर हम हस्ताक्षर करके दे रहे है, आप लोगों के साथ एवं आप लोगों के कहने से, लेकिन पर्यावरण में यह क्या–क्या करते है और कब करेंगे, और कितना किया है? इसके सम्बन्ध में एक बार पूरी डिटेल बताये।

**श्री चेतन रावल, यूनिज हेड, अंबुजा सीमेंट** ने कहा कि आप सभी ग्राम जन पधारे एवं दोनों ब्लॉक्स के बारें में अच्छे सुझाव दिये। मैं आप सबको बताया चाहूंगा कि अंबुजा सीमेंट की एक ब्लॉक की पिछली जन सुनवाई की गई थी, उसकी पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं मिली है एवं हमने भी कोई गतिविधि शुरू नहीं की है, फिर भी हम वापस आये है, क्योंकि आज नये ब्लॉक्स थे। क्योंकि आज की तारीख में सरकारी प्रक्रियों में भी देरी हो गयी। हमने अभी तक एक भी ब्लास्ट नहीं किया है, आप जिसकी बात कर रहे है, वह हमारे कार्य की बात नहीं कर रहे है, दूसरी कम्पनियों से सम्बन्धित ब्लास्टिंग का है, उसका प्रशासन जाकर आपके सुधार करेंगे। हमारी गतिविधियों में सीएसआर के तहत जैसे हमने अभी कुछ काम किये है, ईसी आने के बाद जो प्रक्रिया है। जनसुनवाई के आने वाले सुझावों के बाद सरकार भी अलग काम करती है, जिसके तहत कुछ समय पूर्व 2025 में नॉटिफिकेशन आया है कि जन सुनवाईयों में जो गांव की तरफ से जो सुझाव आते है, उनके प्रोसेस की, प्रतिवर्ष मंत्रालय, केन्द्र सरकार तक आईआरओ की तरफ से

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर ( राज. )

रिपोर्ट जायेगी, तो सरकार भी सुधार करती है। अब अंबुजा सीमेंट की बात करूं तो हमारे सीएसआर का काम हमेशा अव्वल दर्जे का रहा है और ऐसा भी नहीं है कि आज जो जन सुनवाई में हुआ केवल वहीं काम कर रहे है, हम जन सुनवाई के कामों के अलावा भी कुछ बजट रखते है, हर साल हम काम करते है। पर्यावरण के सम्बन्ध में कहें तो हमने इस क्षेत्र में अभी कोई साइट स्टार्ट नहीं की है, हमने तो अभी तक जमीन भी नहीं खरीदी। लेकिन जो ग्रामीणों ने मांगा था कि हमें कुछ पौधें दिलवाये, तो हमने उन्हें पौधे दिलवाये। बाकि की जो भी मांग है, जैसे प्रोजेक्ट को लेकर, पौधारोपण को लेकर करना है, उसके लिए पहले काम है कि ईसी आयेगी, ईसी के बाद आप सभी की सहमति से जमीन का, जो पिछली बार भी एवं इस बार भी समस्या आ रही है। मैं यह कह सकता हूं कि दूसरी कम्पनियों से जो चूक हो गई है, हम वह नहीं करेंगे, हम सहमति से एक रेट करेंगे, हमारी कोशिश रहेगी कि सरकार से भी कोई प्रतिनिधि रखें। जिससे निष्पक्ष तरीके से काम करें, जिससे जो मनमुटाव है कि किसी को 1 दे दिया, किसी को 2 मिल गये, वो होने का भी हम कोशिश नहीं करेंगे। हमारी तरफ से आपको सम्पूर्ण विश्वास दिलाते है। ईसी आने के बाद ही हमारी जिम्मेदारी शुरू होती है, अभी मैं कोई प्रोजेक्ट करता हूं, तो सरकार का नियम है कि तीन से पांच साल में वह सभी कार्य करें, पहले ईसी में लिख कर नहीं आती थी, परन्तु अभी लिखा आता है। अतः आश्वसत रहे, सरकारें भी जागरूक हो रही है तथा आप भी यहां संवाद में आकर अच्छे सुझाव दे रहे है। पहले वाले ब्लॉक की भी अभी तक ईसी नहीं दी क्योंकि उसमें भी शायद कुछ ना कुछ कमी आयी होगी। हम वापस उन्हें बताते जा रहे है, कमी पूर्ति कर रहे है। उसके बाद ही मिलेगी। ऐसा नहीं है कि आप लोग यहां आ गये तो हमें तुरन्त मिल गयी। इसकी पूरी रिपोर्ट बना कर जायेगी। इसकी एक एक्सपर्ट कमेठी रहती है, वह यह सभी सुझाव देखेगी, उन्हें इंप्लीमेंट करवायेगी। मैं आप सभी को आपके सुझावों पर आश्वस्त करवाना चाहूंगा कि सम्पूर्ण कार्य होगा।

**श्री रामकुमार सोलंकी, ग्राम हरीमा** ने कहा कि मेरी बात पर गौर करें, जब हमारा प्रशासन ही हमारे पास आया हुआ है एवं कंपनियों के द्वारा नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई के लिए हम वहां जाकर कहें, इससे अच्छा तो यही कहे ना। कंपनी प्रतिनिधि ने कह दिया, हमारी कंपनी से जुड़ा हुआ नहीं है। एडीएम महोदय ने कहा था की जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कंपनियां करेगी, "जो दूध से जले हुए हो, तो छाछ से भी डर लगता है, तो उसे भी फूंक देखकर पीनी पड़ती है।" एक मेरा निवेदन यह था कि यहां हरीमा में जो सीवरेज लाइन डाली जा रही

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

है वह किसके थ्रू है, अंबुजा के थ्रू ही है ना। तो जब पानी की लाइन डाली जाती है तो लेवलिंग होती है, मैं आपके ठेकेदार अथवा अन्य प्रतिनिधि से पूछना चाहता हूं यहां शिवजी के मंदिर से लेकर जहां इसका अंतिम छोर हैं, उसकी ढलान कितने फिट है। बिना ढलान के आपने कैसे सीवरेज लाइन डाली? यह कल की ही बात है, आपके पहले ही काम के अंदर मैं ऑब्जेक्शन लग रहा हूं। आपने सीवरेज लाइन की ढलान कितनी दी है? केवल गांव में गड्ढे खोदने से कुछ नहीं होगा। कंपनी प्रतिनिधि इस बात पर गौर करें।

**एडीएम महोदय** ने कहा कि काम क्वालिटी से हो तथा ऐसा काम हो जो लोगों के काम आए, केवल दिखावा या शोपीस बनकर न रहे। अतः उसे वापस लेवलिंग में लेकर और कहीं गलती होती है तो उसे खोद कर वापस सुधरेंगे।

**श्री नरपत निवासी हरीमा** ने कहा कि इन कार्यों में ठेकेदार अपनी मनमानी करते हैं। जिस प्रकार जे.एस.डब्ल्यू. में हुआ था कि अंगौर भूमि में हमारे पुरखों का एक सार्वजनिक टांका है, उसके अंदर जे.एस.डब्ल्यू. ने कार्य करवाने के लिए शुरू कर दिया उसको पूर्णतय खोद दिया, उसको खोद कर खत्म कर दिया गया, कुछ नहीं हुआ। पहले पक्का निर्माण था, जिसे रिपेयरिंग करना था लेकिन अब ठेकेदार उसका कच्चा निर्माण कर रहा है। कंपनी वाले तथा ठेकेदार यह तक नहीं बताते हैं कि इसमें कितना बजट लगे रहे हैं? वहां पर पैसे कम लग रहे हैं, लेकिन ठेकेदार पैसे ज्यादा ले रहा है तो वहां पर सामंजस्य नहीं बैठ रहा है। तो विकास कैसे होगा? कच्चा निर्माण होगा तो फिर टूट जाएगा।

**एडीएम महोदय** ने कहा कि नरपत जी एवं ग्रामीणों की बात यह है कि सीएसआर के अंतर्गत जो कमेंटमेंट हो, वह पूरे हो तथा काम ठोस एवं मजबूत हो, जो वर्षों तक लोगों के काम आए। साथ ही कम्पनी से निवेदन है कि उसकी क्वालिटी सुधार भी करवाये।

**श्री अभयसिंह राठौड़, ग्राम हरीमा** ने कहा कि गांव में पीढ़ियों पहले से एक कुआं बनाया हुआ है, जो अभी वर्तमान स्थिति में बंद है, उसे कभी भी चालू किया जा सकता है, जो गांव के हित में भी है, जो पूरे गांव की मेहनत से बनाया हुआ है। उसके ऊपर से बैल्ट जा रहा है, जिससे उसकी स्थिति पूर्ण रूप से बदल जायेगी। वो कुआं वापस कभी काम नहीं आयेगा। अगर जे.एस.डब्ल्यू. कम्पनी के प्रतिनिधि कोई यहां है तो वह बताये कि यह बैल्ट किसकी परमिशन से कुऐं के ऊपर से निकाला जा रहा है। यह गांव की मेहनत से बना है, जिसे गांव के लोगों

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

ने खोद कर बनाया है, उसके ऊपर से यह बैल्ट निकल रहा है। कम्पनी वालें जमीन के बारें में कुछ नहीं बता रहे है और उसका क्या करेंगे? यदि कम्पनी की आवश्यकता है तो कम्पनी ले, लेकिन गांव को तो बताये कि इसके बारें में क्या करना है। बैल्ट निकालने की आवश्यकता है तो निकालों लेकिन गांव को उसके बदलें में कुछ तो देना ही चाहिए। अपनी मर्जी से निकाल रहे है, कि यहां गांव का कोई लेना देना ही नहीं है। सात पीढ़ियों पहले गांव वालों ने बनाया था, कम्पनी किसकी परमिशन से कर रही है, कम्पनी प्रतिनिधि कहते है कि प्रशासन से परमिशन दे दी, लेकिन प्रशासन ने बिना गांववालों की सहमति से कैसे परमिशन दे दी। जब आप पर्यावरण की बात करते है तो यह भी पर्यावरण की ही बात है। उस कम्पनी से पूछे किससे परमिशन ली तथा अब आगे इसके बारें में क्या प्लान है।

**श्री रामकुमार सोलंकी ग्राम हरीमा** ने कहा कि कंपनी द्वारा यहां जो सीवरेज लाइन का कार्य शुरू किया गया है, उस सड़क को कोई व्यक्ति पैदल चलकर आसानी से पार नहीं कर सकता। यह पाइपलाइन भी आधी अधूरी डाली गई है तथा जब पूछा जाता है, तो ठेकेदार से जवाब मिलता है कि अभी माल आ रहा है, तो चार दिन पहले जिसे खोद दिया गया है, वहां अभी घुटनों तक पानी भरा हुआ है।

**एडीएम महोदय** ने कहां कि आपकी बात समझता हूं जब शहर में भी सीवरेज का काम चलता है, तो थोड़ी–सी मॉनिटरिंग के अभाव में ठेकेदार जेसीबी से एक साथ ही खुदाई करता है और जो पाइप डालने वाला व्यक्ति है, वह भी आगे से अपडेट करता है, तो हर व्यक्ति अपना काम तो पूरा करता है लेकिन लोग, गांव या शहर दु:खी हो जाता है। अतः कंपनी अपने ठेकेदार को पाबंद करें जितना पाइप है, पहले उतना ही खोदें। ऐसा ना हो कि ठेकेदार अपने पैसे बचाने के लिए गांव वालों को परेशान करें।

**श्री रामकुमार सोलंकी ग्राम हरीमा** ने कम्पनी प्रतिनिधि से पूछा कि क्या यह कार्य वापस खुदाई करके किया जायेगा? ग्रामीण यह लिखित में मांग रहे है कि यह कार्य वापस खुदाई करके रेवलिंग से किया जायेगा।

**एडीएम महोदय** ने कम्पनी प्रतिनिधि से कहां कि कि आप यह बात माईक पर बता देवें कि जो भी काम हुआ है, उसमें क्वालिटी चैक करवायेंगे, लेवलिंग चैक करवायेंगे। अगर लेवलिंग एवं क्वालिटी में कोई कमी होती है तो उसे ठीक करवायेंगे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

**श्री प्रशांत रंगा, सीएसआर, अंबुजा सीमेंट** ने कहा कि यह कार्य पूर्णतय क्वालिटी के साथ ही किया जायेगा, इसे वापस खुदवा कर, प्रोपर लेवलिंग के साथ ही इसका काम किया जायेगा।

**श्री रामकुमार सोलंकी ग्राम हरीमा** ने कहा कि ब्लास्ट के नुकसान के सम्बन्ध में मैंनें जो बताया है, उसको तहसीलदार साहब भी अगर प्रतिनिधि के तौर पर देख कर आ जाये तो भी हमें कुछ सांत्वना मिल जायेगी।

**एडीएम महोदय** ने कहा कि मैंने वादा कर दिया है कि आपके ब्लास्टिंग से जो भी नुकसान हुआ है, वहां मैं स्वयं अथवा मेरी तरह जिम्मेदार व्यक्ति साथ चलेगा।

**श्री लिखमाराम भाम्भू, ग्राम हरीमा** ने कहा कि सन 1960–65 में जो गांवों की स्थिति थी, वही स्थिति आज भी इस गांव की है। इस गांव से अगर कोई भी व्यक्ति पैदल निकलता है तो उसे सोच समझ कर व पुरे तौर–तरीके से निकालना पड़ता है, कि वह उसमें निकल पाएगा अथवा नहीं निकल पाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अभी आप पधारे हैं, अंबुजा को यह सुझाव करें कि वह अगर कोई कार्य कर रहे हैं, जनता के लिए कर रहे हैं, तो उस हिसाब से करें कि उसका समाधान स्थाई रूप से हो सके। अगर बात जनसुनवाई की करें तो इस जनसुनवाई का नाम केवल एक लॉजिटेक बनाकर रख दिया गया, बाकि जो कागज में होना है वह होगा। ग्रामीणों को इकट्ठा कर लिया है एवं उसके बाद उनकी समस्याओं का आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। पिछली बार भी जन सुनवाई हुई, उसमें हमने अनेकों अनेक मुद्‌दें उठाएं, लेकिन उनका कोई भी समाधान आज तक नहीं हुआ है, और ना ही ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधर रहा है, ना ही स्कूल की गाइडलाइन सुधारी गई, ना उसमें रॉ मैटेरियल उपलब्ध करवाया गया, स्कूल की शिक्षा के सुधार के लिए कुछ नहीं किया गया। रही बात पर्यावरण कि तो केवल मात्र यह जनसुनवाई करके पर्यावरण स्वीकृति लेना चाह रहे हैं, यह वैसे ही होना है। यहां केवल नाम मात्र की भीड़ इकट्ठी की गई है, होना जाना कुछ नहीं है। केवल मात्र अंबुजा की पैरवी करने के लिए प्रशासन को आगे लेकर यह किया जा रहा है, ऐसा मेरे हिसाब से यहां चल रहा है। यहां जो भी प्रशासन उपस्थित हैं, वह केवल अंबुजा की पैरवी करने के लिए उपस्थित हैं, उनसे मेरा निवेदन है कि यहां कुछ सोचकर जनता का भला भी किया जाए और जनता ने जिस प्रकार मांग रखी है और जनता के विकास के लिए आप यहां आए हैं या इनकी पर्यावरण स्वीकृति

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

के लिए आए हैं, तो इनको क्या–क्या देंगे? यहां रोजगार की एक बड़ी समस्या है, यहां के 90 प्रतिशत लोग बाहर विचरण कर रहे हैं, कोई हैदराबाद, तो कोई कहीं बाहर रोजगार कर रहे हैं। कंपनी उनके यहां स्थाई रूप से रोजगार हेतु प्रत्येक घर से एक व्यक्ति को रोजगार की गारंटी लिखित में देवें। जिन–जिन के खेत जा रहे हैं अथवा हरीमा गांव के प्रत्येक घर की लिस्ट बनाकर प्रत्येक घर से एक आदमी की नौकरी के लिए सुनिश्चितता की जाए, जो लिखित रूप से यहां दिया जाए। तभी कुछ हो सकता है, जनसुनवाई के नाम पर इन्हें बुलाकर इनसे कुछ बुलवाकर, झूठे वादे करने से कुछ नहीं होना है। इनका जीवन स्तर अगर ऊपर उठाना है, तो आपको इनकी जो व्यक्तिगत समस्या है, जैसे– रोजगार की समस्या, इनके जीवन के स्तर की समस्या, चिकित्सा की समस्या आदि जो भी समस्या है, इनका समाधान स्थाई रूप से अगर करना है तो यह उपलब्धता देनी जरूरी है। मेरा प्रशासनिक अधिकारियों से भी और जो ग्रामीण यहां पधारे हैं, उनसे भी मेरा निवेदन है कि यह जनसुनवाई पूर्ण रूप से इसी स्तर पर कर लेंगे, केवल प्रशासनिक अमला उपस्थित करके या एडीएम साहब उपस्थित होकर या मात्र अंबुजा की पैरवी करके। ऐसे करने से कुछ नहीं होना है, इनका जीवन स्तर सुधारने के लिए आप अंबुजा से कहकर हमें कन्वेंस करवाएंगे या क्या हमें यह लिखित में दिलवाएंगे? उसके अंदर मैं आपसे पारदर्शिता चाहता हूं। आप जो भी प्रशासनिक अधिकारी यहां पधारे हैं वह अंबुजा से यहां कमेंट करवाएं कि कम्पनी यह आपको उपलब्धता करवाएंगे, प्रत्येक घर से एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाएगा। अगर यह सब होता है तो ही इनका जीवन स्तर सुधर सकता हैं। अन्यथा होना कुछ नहीं है केवल मात्र सुनवाई के नाम पर इस प्रकार किया जाएगा तो इनका जीवन स्तर हमेशा नीचे रहेगा और ना ही यह कुछ कर पाएंगे। अभी जैसे रामकुमार जी ने बताया गांव में जो परेशानियां है। इतना टाइम हो गया है, अंबुजा, जेएसडब्ल्यू एवं अन्य कंपनियां भी आ गई, परंतु कुछ भी कार्य नहीं हो रहा है, इनको तो वहीं कीचड़ से निकलना है, परेशानियों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। एडीएम महोदय आपसे विशेष निवेदन है कि वर्तमान में आप जिले के सबसे बड़े पद पर विराजमान है, इस पद को सुशोभित कर रहे हैं, कृपया विशेष तौर से अंबुजा अथवा जेएसडब्ल्यू या प्रशासनिक अमलें से इस प्रकार की योजना तैयार करके इनके जीवन स्तर के लिए क्या–क्या कर सकते हैं? क्या इस गांव के लिए कर सकते हैं? इस पर विशेष गौर करके इस सुनवाई को आगे बढ़ाएं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
नागौर (राज.)

**एडीएम महोदय** ने कहा कि लिखमाराम भाम्भू जी आपने सीएसआर एवं ठोस कार्यों के लिए कहा है, इस सम्बन्ध में कम्पनी ने कमेंटमेंट दिया है कि आगामी तीन सालों में कुछ ठोस काम करवायेंगे। आप यकिन करना मैं यहां आपकी पैरवी के लिए हूं, प्रशासन हमेशा जनता की पैरवी के लिए होता है, जनता के टैक्स से सरकार को जो आय होती है, उससे सैलरी पाते है तो मैं आपकी पैरवी करूंगा।

कम्पनी के प्रतिनिधि एवं पटवारी जी एक बार आप सीवरेज लाईन का कार्य देख लेवे ताकि पता चल सके कि जनता कितनी पीड़ा में है तथा उसे ठीक करवा सकें।

**श्री राम कुंवार सोलंकी ग्राम हरीमा** ने कहा कि एक वर्ष पूर्व हम ग्रामीणों ने मिल कर रास्ता रोका था, तब जेएसडब्ल्यू के प्रतिनिधि आये थे तथा इस सिवरेज लाइन के कार्य को करवाने के लिए तीन महीने का समय मांगा था। इसका मतलब यह हुआ कि तीन महीने बाद हमारा बैल्ट चालू हो जायेगा आप अपने स्तर पर करते रहों।

**एडीएम महोदय** ने कहा कि रास्तें की समस्या को लेकर मैंने वादा कर दिया है, तो इसका समाधान मैं जरूर करवाऊंगा।

अन्त में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा जनसुनवाई के समापन की घोषणा की एवं उपस्थित जन समुदाय का जन सुनवाई में आने के लिए आभार प्रकट किया। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई से पूर्व, जनसुनवाई के दौरान एवं जनसुनवाई के पश्चात ग्राम पंचायत, ग्रामवासियों व उपस्थित जन–समुह द्वारा लिखित में प्रस्तुत आक्षेप/सुझाव/आपत्ति **परिशिष्ट "स"** पर सलंग्न है।

| | |
|---|---|
| श्री राजकुमार मीणा,<br>क्षेत्रीय अधिकारी,<br>रा.रा.प्र.नि.म., नागौर | श्री चंपालाल जीनगर,<br>अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,<br>नागौर |
| क्षेत्रीय अधिकारी<br>राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,<br>नागौर (राज.) | अतिरिक्त जिला कलक्टर<br>नागौर (राज.) |

# उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– PSB02, प्रस्तावित क्षेत्र– 4.8122 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–0.125 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, तहसील– नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

**स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, हरीमा, तहसील– नागौर, जिला नागौर**

दिनाँकः **05.02.2026,** समयः **दोपहर 12:00 बजे**

| क्र.म. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | चम्पालाल जीनगर | ADM नागौर | [signature] 05/2/- |
| 2 | Rajkumar Meena | R.O. RSPCB Nagaur | [signature] |
| 3 | CHETAN RAVAL | Ambuja Cement - Mundwa | [signature] |
| 4 | JITENDRA KUMAWAT | AMBUJA CEMENT - MUNDWA | [signature] |
| 5 | Dr. Hariprasad | Ambuja cement - Mundwa | [signature] |
| 6. | Mayank Kumawat | Ambuja cemet Mundwa | [signature] |
| 7. | Tushar R. Sahoo | Ambuja Cement; Mundwa | [signature] |
| 8. | Ankit Agrawal | Ambuja Cement - Mundwa | [signature] |
| 9. | Rajveer Bhakar | J.A. | [signature] |
| 10 | Hansraj Nagaura | RSPCB | [signature] |
| 11 | Sanjeew kr Singh | ACL | S.K. Singh |
| 12 | K.S. Yadav | Region Govt Dept. | [signature] |
| 13 | Sharwan Kumar. | Ambuja Cement (ACL) | [signature] |
| 14 | Tej Kumar Pandey | Ambuja Cements Ltd (Unit-marwar mundwa) | [signature] |
| 15 | Hari Soni | JMEPL | Hari Soni |
| 16 | Narsingh | TDR Ngr | [signature] |
| 17. | HariRam Saran | ILR BHADANA | [signature] |
| 18. | Ravindra | Patwari Harima | [signature] |
| 19. | SARTHAK TIWARI | J.S.O., RSPCB, Nagaur | [signature] |
| 20. | RISHIRAJ SINGH | AMBUJA CEMENT, Rabiyawas | Rishiraj Singh |
| 21 | Narsingh Ram Pichkiya | ILR (Retd.) Land dept Ambuja Mundwa | [signature] |
| 22 | Shiv Mahesh Joshi | Land dept Mundwa | [signature] |

# उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– PSB02, प्रस्तावित क्षेत्र– 4.8122 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–0.125 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, तहसील– नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

**स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, हरीमा, तहसील– नागौर, जिला नागौर**

दिनाँकः **05.02.2026,** समयः **दोपहर 12:00 बजे**

| क्र.म. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 23 | मुकेश | हरिमा | मुकेश |
| 24 | सजन कुमार | हरिमा | सजन कुमार |
| 25 | गोविन्द | हरिमा | गोविन्द |
| 26 | विकास | हरिमा | विकास |
| 27 | रामकिशोर | हरिमा (मुंडवा) | [illegible] |
| 28 | रामकुमार सारस्वत | हरीमा | [illegible] |
| 29 | मुन्नानाथ | हरीमां | [illegible] |
| 30 | जयरामनाथ | सरासनी | [illegible] |
| 31 | राकेश बाना | भदाणा | [illegible] |
| 32 | दामोदर प्रसाद सारस्वत | भेडरा | Damodar |
| 33 | रमेशचन्द | हरीमा | [illegible] |
| 34 | प्रेरणा गिरि | हरीमा | Prerna |
| 35 | प्रतिमा कौशिक | हरीमा | Pratima |
| 36 | सुमन | हरीमा | सुमन |
| 37 | बड़जा देवी | हरीमा | [illegible] |
| 38 | कृष्णा देवी | हरीमा | कृष्णा |
| 39 | लक्ष्मी | हरीमा | लक्ष्मी |
| 40 | उगम कंवर | हरीमा | उगम कंवर |
| 41 | Param Veer | हरीमा | Param Veer |
| 42 | गरीबराम | इनाणा | गरीबराम |
| 43 | रामकिशोर | हरीमा | रामकिशोर |

# उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– PSB02, प्रस्तावित क्षेत्र– 4.8122 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–0.125 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, तहसील– नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

**स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, हरीमा, तहसील– नागौर, जिला नागौर**

दिनाँकः **05.02.2026,** समयः **दोपहर 12:00 बजे**

| | क्र.म. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 44 | ~~1.~~ | नरसी राम | हरिमा | नरसी राम |
| 45 | ~~2.~~ | कुलदीप भाँसा | हरिमा | [illegible] |
| 46 | ~~3.~~ | अमरनाथ | हरिमा | [illegible] |
| 47 | ~~4~~ | [illegible] | " | [illegible] |
| 48 | ~~5~~ | Mahaveer Singh | Inana | Mahaveer |
| 49 | ~~6~~ | ओम प्र | | (अंगूठा निशान) |
| 50 | ~~7~~ | गरीबराम | Bhadana | गरीबराम |
| 51 | ~~8~~ | Vishnu Sharma | Bhadana | [illegible] |
| 52 | ~~9~~ | Mahendar singh | शेल | महेन्द्र सिंह |
| 53 | ~~10~~ | नेमाराम ढाका | शेल | नेमाराम |
| 54 | ~~11~~ | जितेन्द्र | मुण्डवा | Jitendra |
| 55 | ~~12~~ | प्रवीण | हरिमा | Praveen |
| 56 | ~~13~~ | लोकेन्द्र सिंह | हरिमा | [illegible] |
| 57 | ~~14~~ | राकेश | रुड़कावा | राकेश |
| 58 | ~~15~~ | दशरथ | शेल | दशरथ |
| 59 | ~~16~~ | सरजीत | शेल | [illegible] |
| 60 | ~~17~~ | Shivraj | Mundwa | Shivraj |
| 61 | ~~18~~ | गनसिंह | हरिमा | गनसिंह |
| 62 | ~~19~~ | शिवनाथ | हरिमा | शिवनाथ |
| 63 | ~~20~~ | सुलतान सिंह | हरीम | सुलतान सिंह |
| 64 | ~~21~~ | ANKit | हरीम | ANKit |
| 65 | ~~22~~ | मुकेश | हरिमा | मुकेश |

# उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– PSB02, प्रस्तावित क्षेत्र– 4.8122 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–0.125 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, तहसील– नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

**स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, हरीमा, तहसील– नागौर, जिला नागौर**

दिनाँकः **05.02.2026,** समयः **दोपहर 12:00 बजे**

| | क्र.म. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 66 | ~~1~~ | गिरीश कुमार | मुण्डवा नागौर | [signature] |
| 67 | ~~2~~ | PREM PAUL SHARMA | MUNDWA | [signature] |
| 68 | ~~3.~~ | नारायण राम | Meleta | [signature] |
| 69 | ~~4.~~ | Dharm Ram | Meleta | [signature] |
| 70. | ~~5.~~ | Moji Ram | Iguwal | [signature] |
| 71 | ~~6.~~ | गरिबरामजी | जाडेला | [signature] |
| 72. | ~~7.~~ | Prashant Ranga | ACF - Mundwa | [signature] |
| 73. | ~~8~~ | Hemant Panwar | ACL | [signature] |
| 74. | ~~9.~~ | Bishan Singh | MSK | [signature] |
| 75. | ~~10~~ | Chhotu Singh | Ele. | [signature] |
| 76. | ~~11~~ | कि-121 | MIL | [signature] |
| 77 | ~~12~~ | Mayur B. Potkatare | Ambuja Cements Ltd | [signature] |
| | 78. | Carib Ram | Inana. | [signature] |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

# उपस्थिति पंजिका

चूना–पत्थर खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आयोजित जनसुनवाई में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

चूना–पत्थर खनन परियोजना मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ब्लॉक नंबर– PSB02, प्रस्तावित क्षेत्र– 4.8122 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ–0.125 मिलियन टीपीए, निकट गांव– हरीमा, तहसील– नागौर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है।

**स्थानः– राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, हरीमा, तहसील– नागौर, जिला नागौर**

दिनाँकः **05.02.2026,** समयः **दोपहर 12:00 बजे**

| क्र.म. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 79. | कैलाश | पाबूसर | कैलाश |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

# कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, नागौर

क्रमांक / न्याय / ज.सु.2025 / 948 दिनांकः—05.02.2026

प्रेषितिः—

क्षेत्रीय अधिकारी,
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नागौर।

विषयः— पर्यावरण जनसुनवाई दिनांक 05.02.2026 के दौरान प्राप्त सहमति / सुझाव / आपत्तियां / अनापत्तियां / शिकायतों के संबंध में।

—00—

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि M/s Ambuja Cement Limited के ब्लॉक PSB01, PSB 02, PSB06 & PSB07 के पर्यावरण जनसुनवाई स्थान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरीमा, तहसील नागौर तिथि दिनांक 05.02.2026 को उक्त चारों ब्लॉको हेतु श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट महोदय नागौर द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को अधिकृत किया गया।

उक्त चारों ब्लॉकों की पर्यावरण जनसुनवाई के दौरान कुल 27 सहमति / सुझाव / आपत्तियां / अनापत्तियां / शिकायते प्राप्त हुई है जो मूल ही इस पत्र के साथ संलग्न कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न :—उपरोक्तानुसार चारो ब्लॉकों की कुल 27 मूल सहमति / सुझाव / आपत्तियां / अनापत्तियां / शिकायत—पत्र

05/2/26

(चम्पालाल जीनगर)
अति. जिला मजिस्ट्रेट,
नागौर

श्री गणेशाय नमः

RO
RPCB 1/09/-

(1)

सेवा में,

श्रीमान पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय जयपुर व
श्रीमान ए० डी० एम० साहब नागौर -

विषय :- अंबुजा सिमेंट को पर्यावरण विभाग की स्वीकृति की जनसुनवाई के दौरान गाँव के पर्यावरण व विकास कार्यों की चर्चा व व्यवस्था बाबत -

महोदय जी,

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि इस ग्राम सीमा में आज (5.02.2026) से लगभग एक वर्ष पहले भी अंबुजा सिमेंट के एक ब्लॉक की पर्यावरण स्वीकृति की जनसुनवाई की कार्यवाही हुई थी। उसमें गाँव वाले किसान भाईयों ने पर्यावरण से सम्बन्धित विकास कार्य के लिए कम्पनी को बोला, उस वक्त कम्पनी ने आश्वासन दिया की हम यह विकास कार्य करवायेंगे पर धरातल पर कार्य हुए भी नहीं।

परन्तु आज फिर 5.02.2026 को ~~गाँव~~ कम्पनी की पर्यावरण की जनसुनवाई में गाँव वालों की तरफ से फिर से ग्रामीण विकास व पर्यावरण सुधार के लिए कुछ बातें लिख रहे हैं पर कम्पनी यह कार्य भी पिछली वर्ष की तरह पुरा करेगी या ग्रामीण विकास के लिए धरातल पर कार्य करेगी। अगर कार्य करेगी तो मैं गाँव वालों की ओर से कम्पनी से आशावादक चाहता हूँ की धरातल कार्य होवें। कम्पनी समय भी लिखित में दें एवं उस पेपर पर प्रशासनिक अधिकारीयों के (एडीएम साहब) हस्ताक्षर उक्त लिखित में दें

ग्रामीण विकास कार्य व पर्यावरण सुधार कार्य निम्न प्रकार से हैं

1. गाँव के गवाड़ का ~~सौंदर्यीकरण~~ (सौंदर्यकरण)
2. गाँव में सी०सी० रोड (मुख्यरास्ता) तथा आमरास्तों पर ब्लॉक लगवावें
3. गाँव की नाडी (पोखर) की गोलाकार खुदवाई व पक्का तला बनवावें।
4. गाँव में खुला बड़ा होद की रिपेयरिंग व गौशाला गायों के लिए पेयजल व्यवस्था करवायें।

5. गांव के स्कूल की सम्पूर्ण रिपेरिंग छत सहित करवावें।

6. गांव के जाड़ में राहगीरों व ग्रामिणों के लिए पेयजल हेतु प्याऊ बनि

7. गांव में 70-75 सोलर ऊर्जा लाईट लगवाने की व्यवस्था करें।

8. गांव के ग्रामिणों के स्वास्थ्य सुधार के लिए हॉस्पीटल की व्यवस्था करवावें

9. गांव के महादेव (शिव मन्दिर) की रिपेरिंग छत सहित तथा मन्दिर के आगे बरामदा व टिन शेड बनवावे।

10. सम्पूर्ण गांव के गन्दे पानी की निकासी के लिए सिवरेज लाईन की व्यव

11. गांव की नाड़ी के आसपास व अंगोर के चारों तरफ पेड़ पौधे लगवावें

12. कम्पनी जब कार्य शुरू करें तो परिवहन के लिए व अन्य वाहन कम्पनी ग्राम वासि को प्राथमिकता दें व ग्रामिण युवाओं को रोजगार दें।

[illegible] [illegible]

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible] [illegible]

Rakesh सरपंच

(2)

RO

RPCB

9 05/21

सेवा में,

ब्लॉक प्रभारी महोदय

अंबुजा सीमेंट

ब्लॉक

विषय: ग्राम खेतोलाव में आवश्यक विकास कार्य करवाने हेतु आवेदन।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हमारे ग्राम खेतोलाव में अंबुजा सीमेंट कंपनी का ब्लॉक कार्यरत है। ग्रामवासियों को यह आशा है कि कंपनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत ग्राम में कुछ आवश्यक विकास कार्य करवाए जाएंगे, जिससे आम जनता को सुविधा प्राप्त हो सके।

ग्राम खेतोलाव में वर्तमान में निम्नलिखित विकास कार्य अत्यंत आवश्यक हैं—

1. माताजी मंदिर परिसर में सीसी ब्लॉक निर्माण।
2. सार्वज़निक समाज भवन का निर्माण।
3. आम गवाड से शमशान भूमि तक पक्की सड़क का निर्माण।
4. शमशान भूमि की चार दिवारी निर्माण।
5. उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण।
6. गांव के तालाब का गहरीकरण, सफाई एंव जल संरक्षण हेतु पक्का कार्य।
7. गांव के विधालय में मरम्मत कार्य, स्वच्छता व्यवस्था तथा बच्चों की मूलभूत सुविधाओं का विकास।
8. सार्वजनिक शौचालय निर्माण।
9. ग्राम पंचायत गगवाना तक पक्की सड़क का निर्माण।
10. गांव के लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध करवाना।
11.

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त विकास कार्यों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर ग्राम खेतोलाव को लाभान्वित करने की कृपा करें। इसके लिए समस्त ग्रामवासी आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद।

भवदीय,

समस्त ग्रामवासी, ग्राम-खेतोलाव

| | | |
|---|---|---|
| दलपत सिंह | गणेशदास | कैलाश |
| खेतसिंह | श्यामसिंह | |
| मगलाराम | महावीर सिंह | |
| नरेन्द्र सिंह | जितेन्द्र | |
| सुरेश | अमीतसिंह | |
| जबरसिंह | राजु | |

RO
RPCB 1/05/14
(3)

सेवा में
श्रीमान अति० जिला कलेक्टर महो०
नागौर

विषय- विकास कार्य मे अम्बुजा सीमेंट को समर्थन देने हेतु।

मान्यवर,
विनम्र निवेदन है कि मे बरजा देवी जो कि हरिमा गाँव मे आंगनवाडी कार्यकर्ता हूं, मै अम्बुजा सीमेंट से गाँव के विकास हेतु हरघर मैं टांका बनवाने की मांग करती हूं तथा उन लोगों को प्राथमिकता मिले जो आर्थिक रूप से कमजोर है तथा समस्त रूपये का वहन कम्पनी द्वारा किया जावे।

मै अपने गांव के विकास हेतु कम्पनी को समर्थन देती हूं। बरजा देवी

R0
RPCB

(4)

सेवा में,

श्रीमान अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय
नागौर (राजस्थान)

